KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

कक्षा - 12

इतिहास

भाग - 2

भारतीय इतिहास के कुछ विषय

अध्याय - 8

किसान ज़मींदार और राज्य

भाग - 7

Pritesh Joshi

KOLORS
make life better



missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



चाँदी का बहाव

- मुग़ल साम्राज्य एशिया के उन बड़े साम्राज्यों में एक था जो सोलहवीं व सत्रहवीं सदी में सत्ता और संसाधनों पर अपनी पकड़ मज़बूत बनाने में कामयाब रहे।
- ये साम्राज्य थे–मिंग (चीन में), सफ़ावी (ईरान में), और ऑटोमन (तुर्की में)।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- इन साम्राज्यों की राजनीतिक स्थिरता ने चीन से लेकर भूमध्य सागर तक ज़मीनी व्यापार का जीवंत जाल बिछाने में मदद की।
- इस वजह से भारत से समुद्र-पार व्यापार में एक ओर भौगोलिक विविधता आई तो दूसरी ओर कई नयी वस्तुओं का व्यापार भी शुरू हो गया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- लगातार बढ़ते व्यापार के साथ, भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं का भुगतान करने के लिए एशिया में भारी मात्रा में चाँदी आई। इस चाँदी का एक बड़ा हिस्सा भारत की तरफ़ खिंच गया।
- यह भारत के लिए अच्छा था क्योंकि यहाँ चाँदी के प्राकृतिक संसाधन नहीं थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- इटली के एक मुसाफ़िर जोवान्नी कारेरी, जो लगभगर 1690 ई. में भारत से होकर गुज़रा था, ने इस बात का बड़ा सजीव चित्र पेश किया है कि किस तरह चाँदी तमाम दुनिया से होकर भारत पहुँचती थी।
- उसी से हमें यह भी पता चलता है कि सत्रहवीं सदी के भारत में बड़ी अद्भुत मात्रा में नकद और वस्तुओं का आदान-प्रदान हो रहा था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

Q. मध्यकालीन भारत में चांदी का
व्यवहार क्यों बढ़ रहा था?



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



अबुल फ़ज़्ल की आइन-ए-अकबरी

- आइन-ए-अकबरी आँकड़ों के वर्गीकरण के एक बहुत बड़े ऐतिहासिक और प्रशासनिक परियोजना का नतीजा थी जिसका ज़िम्मा बादशाह अकबर के हुक्म पर अबुल फ़ज़्ल ने उठाया था।
- अकबर के शासन के बयालीसवें वर्ष, 1598 ई. में, पाँच संशोधनों के बाद, इसे पूरा किया गया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- आइन इतिहास लिखने के एक ऐसे बृहत्तर परियोजना का हिस्सा थी जिसकी पहल अकबर ने की थी। इस परियोजना का परिणाम था अकबरनामा जिसे तीन जिल्दों में रचा गया। पहली दो जिल्दों ने ऐतिहासिक दास्तान पेश की।
- तीसरी जिल्द, आइन-ए-अकबरी, को शाही नियम कानून के सारांश और साम्राज्य के एक राजपत्र की सूरत में संकलित किया गया था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- आइन कई मसलों पर विस्तार से चर्चा करती है : दरबार, प्रशासन और सेना का संगठन; राजस्व के स्रोत और अकबरी साम्राज्य के प्रांतों का भूगोल; और लोगों के साहित्यिक, सांस्कृतिक व धार्मिक रिवाज।
- अकबर की सरकार के तमाम विभागों और प्रांतों (सूबों) के बारे में विस्तार से जानकारी देने के अलावा, आइन इन सूबों के बारे में पेचीदे और आँकड़ेबद्ध सूचनाएँ बड़ी बारीकी के साथ देती है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- इसने बादशाह को साम्राज्य के तमाम इलाकों में प्रचलित रिवाजों और पेशों की जानकारी दी।
- इस तरह हमारे लिए आइन अकबर के शासन के दौरान मुग़ल साम्राज्य के बारे में सूचनाओं की खान है।
- फिर भी यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि आइन का नज़रिया क्षेत्रों के बारे में केंद्र का नज़रिया है, या यूँ कहें कि समाज के शीर्ष से देखी हुई समाज की तसवीर है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- आइन पाँच भागों (दफ्तर) का संकलन है जिसके पहले तीन भाग प्रशासन का विवरण देते हैं।
- पहला भाग मंज़िल-आबादी के नाम से पहली किताब शाही घर-परिवार और उसके रख-रखाव से ताल्लुक रखती है।
- दूसरा भाग, सिपह-आबादी सैनिक व नागरिक प्रशासन और नौकरों की व्यवस्था के बारे में है। इस भाग में शाही अफ़सरों (मनसबदार), विद्वानों, कवियों और कलाकारों की संक्षिप्त जीवनियाँ शामिल हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- तीसरा, मुल्क-आबादी, वह भाग है जो साम्राज्य व प्रांतों के वित्तीय पहलुओं तथा राजस्व की दरों के आँकड़ों की विस्तृत जानकारी देने के बाद "बारह प्रांतों का बयान" देता है।
- इसी खंड में हर प्रांत और उसकी अलग-अलग इकाइयों की कुल मापी गई ज़मीन और निर्धारित राजस्व (जमा) भी दी गई हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- सूबा स्तर की विस्तृत जानकारी देने के बाद, आइन हमें सूबों के नीचे की इकाई सरकारों के बारे में विस्तार से बताती है। ये सूचनाएँ तालिकाबद्ध तरीके से दी गई हैं, जो हमें निम्नलिखित सूचनाएँ देते हैं :

1. परगनात/महल;
2. क़िला;
3. अराज़ी और जमीन-ए-पाईमूद (मापे गए इलाके);

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



4. नकदी (नक़द निर्धारित राजस्व);
5. सुयूरग़ल (दान में दिया गया राजस्व अनुदान);
6. ज़मींदार;

ख़ाने 7 और 8 में ज़मींदारों की जातियाँ और उनके घुड़सवार, पैदल सिपाही (प्यादा) व हाथी (फ़ील) सहित उनके फ़ौज की जानकारी दी गई है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- चौथी और पाँचवीं किताबें (दफ्तर) भारत के लोगों के मज़हबी, साहित्यिक और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों से ताल्लुक रखती हैं; इनके आखिर में अकबर के "शुभ वचनों" का एक संग्रह भी है।
- इसकी पांडुलिपि को लेखक द्वारा पाँच बार संशोधित किया गया। इससे ऐसा लगता है कि प्रामाणिकता की खोज में अबुल फ़ज़्ल काफ़ी सावधानी बरत रहे थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- फिर भी जिन इतिहासकारों ने ध्यान से आइन का अध्ययन किया, वे बताते हैं कि यह ग्रंथ पूरी तरह समस्याओं से परे नहीं है। जोड़ करने में कई ग़लतियाँ पाई गई हैं।
- आइन की एक और सीमा यह है कि इसके संख्यात्मक आँकड़ों में विषमताएँ हैं।
- सभी सूबों से आँकड़े एक ही शक्ल में नहीं एकत्रित किए गए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- कीमतों और मज़दूरी की दरों की जो विस्तृत सूची आइन में दी भी गई है वह साम्राज्य की राजधानी आगरा या उसके इर्द-गिर्द के इलाकों से ली गई है।
- ज़ाहिर है कि देश के बाकी हिस्सों के लिए इन आँकड़ों की प्रासंगिकता सीमित है।
- इन सीमाओं के बावजूद, आइन अपने समय के लिए एक असामान्य व अनोखा दस्तावेज़ है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

काल-रेखा	
मुग़ल साम्राज्य के इतिहास के मुख्य पड़ाव	
1526	दिल्ली के सुलतान, इब्राहिम लोदी को पानीपत में हराकर बाबर पहला मुग़ल बादशाह बनता है
1530-40	हुमायूँ के शासन का पहला चरण
1540-55	शेरशाह से हार कर हुमायूँ सफ़ावी दरबार में प्रवासी बन कर रहता है
1556-1605	अकबर का शासन काल
1605-27	जहाँगीर का शासन काल
1628-58	शाहजहाँ का शासन काल
1658-1707	औरंगज़ेब का शासन काल

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

काल-रेखा	
मुग़ल साम्राज्य के इतिहास के मुख्य पड़ाव	
1739	नादिरशाह भारत पर आक्रमण करता है और दिल्ली को लूटता है
1761	अहमद शाह अब्दाली पानीपत के तीसरे युद्ध में मराठों को हराता है
1765	बंगाल के दीवानी अधिकार ईस्ट इंडिया कंपनी को सौंप दिये जाते है
1857	अंतिम मुग़ल बादशाह बहादुर शाह ज़फ़र को अंग्रेज़ गद्दी से हटा देते हैं और देश निकाला देकर रंगून (आज का यांगोन, म्यांमार में) भेज देते हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रश्न 1. कृषि इतिहास लिखने के लिए आइन को स्रोत के रूप में इस्तेमाल करने में कौन सी समस्याएँ हैं? इतिहासकार इन समस्याओं से कैसे निपटते हैं?

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर : आइन में कृषि इतिहास के सन्दर्भ में संख्यात्मक आँकड़ों की दृष्टि से विषमताएँ पाई गई हैं।

- सभी सूबों से आँकड़े एक ही शक्ल में नहीं एकत्रित किए गए।
- मसलन, जहाँ कई सूबों के लिए जमींदारों की जाति के बारे में विस्तृत सूचनाएँ संकलित की गईं, वहीं बंगाल और उड़ीसा के लिए ऐसी सूचनाएँ मौजूद नहीं हैं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- इसी तरह, जहाँ सूबों से लिए गए राजकोषीय आँकड़े बड़ी तफसील से दिए गए हैं, वहीं उन्हीं इलाकों से कीमतों और मजदूरी जैसे इतने ही महत्त्वपूर्ण मापदंड इतने अच्छे से दर्ज नहीं किए गए हैं।
- कीमतों और मजदूरी की दरों की जो विस्तृत सूची आइन में दी गई है, वह साम्राज्य की राजधानी आगरा या उसके इर्द गिर्द के इलाकों से ली गई है। जाहिर है कि देश के बाकी हिस्सों के लिए इन आँकड़ों की प्रासंगिकता सीमित है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- इतिहासकार आमतौर पर यह मानते हैं कि इस तरह की समस्याएँ तब आती हैं जब व्यापक स्तर पर इतिहास लिखा जाता है।
- आँकड़ों के संग्रह की अधिकता से छोटी-मोटी चूक होना आम बात है और इससे किताबों के आँकड़ों की सच्चाई को कम करके नहीं आँका जा सकता।

KOLORS
make life better

missiongyan®
LET'S LEARN TOGETHER

प्रश्न 2. सोलहवीं-सत्रहवीं सदी में कृषि उत्पादन को किस हद तक महज़ गुज़ारे के लिए खेती कह सकते हैं? अपने उत्तर के कारण स्पष्ट कीजिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर : 16वीं-17वीं सदी में दैनिक आहार की खेती पर ज्यादा जोर दिया जाता था, लेकिन इसका यह मतलब नहीं था कि उस काल में खेती केवल गुजारा करने के लिए की जाती थी।

तत्कालीन स्रोतों में जिन्स-ए-कामिल अर्थात् सर्वोत्तम फसलें जैसे लफ्ज मिलते हैं। मुगल राज्य किसानों को ऐसी फसलों को खेती करने के लिए बढ़ावा देता था, क्योंकि इनसे राज्य को ज्यादा कर मिलता था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- कपास और गन्ने जैसी फसलें बेहतरीन जिन्स-ए-कामिल थीं। तिलहन और दलहन भी नकदी फसलों के अंतर्गत आती थीं।
- इससे पता चलता है कि एक औसत किसान की जमीन पर किस तरह पेट भरने के लिए होने वाले उत्पादन और व्यापार के लिए किए जाने वाले उत्पादन एक-दूसरे से जुड़े थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रश्न 3. कृषि उत्पादन में महिलाओं की भूमिका का विवरण दीजिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर : मध्यकालीन भारतीय कृषि समाज में उत्पादन प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका महत्त्वपूर्ण थी।

खेतिहर अर्थात् किसान परिवारों से संबंधित महिलाएँ कृषि उत्पादन में सक्रिय सहयोग प्रदान करती थीं तथा पुरुषों के कन्धे-से-कन्धा मिलाकर खेतों में काम करती थीं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- पुरुष खेतों की जुताई और हल चलाने का काम करते थे। महिलाएँ मुख्य रूप में बुआई, निराई तथा कटाई का काम करती थीं और पकी हुई फसल का दाना निकालने में भी सहयोग प्रदान करती थीं।
- अत: महिलाओं और पुरुषों के कार्य क्षेत्र में एक विभाजक रेखा खींचना (अर्थात् घर के लिए महिला और बाहर के लिए पुरुष) कठिन हो गया था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- किसान और दस्तकार महिलाएँ न केवल खेती में सहयोग प्रदान करती थीं अपितु आवश्यकता होने पर नियोक्ताओं के घरों में भी काम करती थीं और अपने उत्पादन को बेचने के लिए बाजारों में भी जाती थीं।
- जैव-वैज्ञानिक क्रियाओं से संबंधित पूर्वाग्रह अब भी विद्यमान थे। उदाहरण के लिए, पश्चिमी भारत में राजस्वला (मासिक-धर्म) महिलाएँ हल अथवा कुम्हार के चाक को नहीं छू सकती थीं।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

इसी प्रकार बंगाल में महिलाओं को मासिक-धर्म की अवधि में पान बागानों में जाने की मनाही थी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रश्न 4. विचाराधीन काल में मौद्रिक कारोबार की अहमियत की विवेचना उदाहरण देकर कीजिए।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर : 16वीं और 17वीं शताब्दियों में कृषि अर्थव्यवस्था में मौद्रिकीकरण का उल्लेखनीय विस्तार हुआ और वस्तु विनिमय पर आधारित अर्थव्यवस्था का स्थान मुद्रा अर्थव्यवस्था ने ले लिया।

- मुगल सम्राटों की वित्तीय एवं आर्थिक नीतियों के कारण साम्राज्य में मुद्रा का संचरण बढ़ने लगा।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- मुगल सम्राटों की राजस्व नीति ने मुद्रा अर्थव्यवस्था की संवृद्धि में विशेष रूप से योगदान दिया।
- 16वीं शताब्दी के प्रारम्भिक दशकों में ही राज्य द्वारा किसानों को यह छूट दे दी गई कि वे भू-राजस्व का भुगतान नकद अथवा जिन्स के रूप में कर सकते थे।
- इस सुविधा के परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था में मौद्रिक कारोबार के महत्त्व में वृद्धि होने लगी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- विचाराधीन काल में ग्रामों और शहरों के मध्य होने वाले व्यापार के परिणामस्वरूप ग्रामों के कारोबार में भी मौद्रिकीकरण का महत्त्व बढ़ने लगा था।
- ग्राम समुदाय महाजनों और बनजारों के माध्यम से कस्बों और शहरों को अनाज भेजते थे। इस प्रकार ग्रामों में पैसा वापस आ जाता था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- मुगल साम्राज्य के केन्द्रीय क्षेत्रों में कर की गणना और वसूली भी नकद रूप में की जाती थी।
- किसान सुविधा एवं इच्छानुसार अनाज अथवा नकद रूप में भू-राजस्व का भुगतान कर सकते थे, किन्तु राज्य नकद रूप में भू-राजस्व प्राप्त करना अधिक अच्छा समझता था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- निर्यात के लिए उत्पादन करने वाले दस्तकारों को भी उनकी मजदूरी का भुगतान नकद रूप में ही किया जाता था।
- व्यावसायिक फसलों के उत्पादन ने भी मौद्रिक कारोबार में वृद्धि की। कपास, रेशम अथवा नील जैसी फसलें पैदा करने वाले अपनी फसलों का भुगतान नकदी में ही प्राप्त करते थे।
- जमींदारियों के विस्तार ने भी मौद्रिकीकरण के विकास को बढ़ावा दिया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- जमींदारियों के क्रय-विक्रय ने ग्रामों में मौद्रिकीकरण की प्रक्रिया को तीव्र बनाया। जमींदार किसानों से राजस्व की माँग नकद रूप में करते थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

प्रश्न 5. उन सूबतों की जाँच कीजिए जो ये सुझाते हैं कि मुग़ल राजकोषीय व्यवस्था के लिए भू-राजस्व बहुत महत्त्वपूर्ण था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

उत्तर : 'वित्त' साम्राज्य रूपी शरीर का मेरुदंड होता है। अतः लगभग सभी मुगल सम्राट साम्राज्य को सुदृढ़ वित्तीय आधार प्रदान करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे।

जजिया, जकात, खम्स, खिराज, व्यापार, अधीन राजाओं और मनसबदारों से समय-समय पर प्राप्त होने वाले उपहार, विभिन्न प्रकार की चुगियाँ आदि राज्य की आय के अनेक साधन थे।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- इनमें सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्थान भू-राजस्व का था। भू-राजस्व ही साम्राज्य की आर्थिक बुनियाद का आधार था।
- दीवान अथवा वित्त मंत्री, संपूर्ण राज्य की वित्तीय व्यवस्था की देख-रेख के लिए उत्तरदायी था, वित्त के साथ-साथ राजस्व विभाग भी उसी के नियंत्रण में था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- लोगों पर कर का भार निर्धारित करने से पहले मुगल राज्य ने जमीन और उस पर होने वाले उत्पादन के विषय में विशेष सूचनाएँ इकट्ठा करने का प्रयास किया जाता था।
- अकबर प्रथम मुगल सम्राट था, जिसने भू-राजस्व व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित किया और मध्ययुग की सर्वोत्तम भू-राजस्व प्रणाली का निर्माण किया।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



भूमि का वर्गीकरण– पैमाइश के बाद काश्त की निरंतरता के आधार पर समस्त भूमि को पोलज, परौती, चचर और बंजर इन चार भागों में विभक्त कर दिया गया।

पोलज सर्वाधिक उपजाऊ भूमि थी जिस पर सदैव काश्त होती थी।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- परौती अपेक्षाकृत कम उपजाऊ थी। दो-तीन वर्ष तक निरंतर खेती करने के उपरांत इसे एकाध वर्ष के लिए परती (खाली) छोड़ दिया जाता था।
- चचर भूमि को एक फसल के बाद पुनः उर्वरा शक्ति प्राप्त करने के लिए तीन-चार वर्ष के लिए खाली छोड़ना पड़ता था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

राज्य का भाग निश्चित करना :-

कर निर्धारण और वास्तविक वसूली मुगल भू-राजस्व प्रबन्ध के दो महत्त्वपूर्ण चरण थे।

- वास्तविक वसूली अर्थात् वास्तव में वसूल की जाने वाली रकम हासिल के नाम से जानी जाती थी।
- किंतु स्थानीय परिस्थितियों के कारण कभी-कभी वास्तव में इतनी वसूली नहीं हो पाती थी, इसलिए जमा और हासिल में काफी अंतर हो जाता था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- 'पोलज' और 'परौती' श्रेणियों की भूमि से राज्य उपज का 1/3 भाग भू-राजस्व के रूप में लेता था।
- भूमि-कर वर्ष में दो बार (पहली बार रबी की फसल और दूसरी बार खरीफ की फसल पकने पर) सीधे किसानों से वसूल किया जाता था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- सरकार की ओर से किसान को 'पट्टा' नामक एक पत्र दिया जाता था और किसान 'कबूलियतनामा' पर हस्ताक्षर करके सरकार को देता था।
- भू-राजस्व प्रबंध के संबंध में उठाए गए इन कदमों से यह भली-भाँति स्पष्ट हो जाता है कि मुगल राजकोषीय व्यवस्था के लिए भू-राजस्व अत्यधिक महत्त्वपूर्ण था।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

अखबार क्यों?

(I) (बॉम्बे-टेलीग्राफ एंड कोरियर, 6 जनवरी 1849)

पूजा के कृष्णाजी त्रिम्बक राणाडे मराठी का एक अखबार निकालने चाहते हैं, जिसमें स्थानीय दिलचस्पी की तमाम खबरों को जगह मिल सके।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER



- इसमें :- (i) सार्वजनिक
  (ii) वैज्ञानिक अन्वेषण
  (iii) प्राक् विद्या
  (iv) सांख्यिकी
  (v) देश के विभिन्न भागों के बारे में खासतौर से दक्कन की जानकारी होगी।
- ऐसे तमाम लोगों से मदद और संरक्षण का निवेदन है जो ज्ञान के प्रसार व जन कल्याण के इच्छुक है।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

(I) (नेटिव-ओपिनियन - 3 अप्रैल 1870)

- देशी अखबारों और राजनीतिक सभाओं की वही भूमिका होती है जो इंग्लैंड में हाउस ऑफ कॉमन्स में विपक्ष की होती है।
- यानी कि वह सरकारी नीतियों की आलोचनात्मक समीक्षा करें।
- लोगों के हित साधनों में अक्षम हिस्सों को निकाल कर नीतियों में सुधार करें।
- सही नीतियों को तेजी से लागू करें।

KOLORS
make life better

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

- इन सभाओं को चाहिए कि वे देश के खास मुद्दों पर सूचनाऐं एकत्रित कर संभव व वांछित सुधारों को लागू करवाये। इन कार्यों का काफी असर होगा।